सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–4

राज्यपाल ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 04 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि ये अवसर महान शिक्षक–दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। मैं उन्हें अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

यह दिवस हमारे शिक्षकों की कठिन मेहनत, समर्पण और उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने एवं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर देता है। हमारे देश के विकास और प्रगति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनकी शिक्षाओं और मार्गदर्शन से ही हमारे बच्चे और युवा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के योग्य बनते हैं।

इस अवसर पर, मैं सभी शिक्षकों से यह अनुरोध करता हूँ कि वे निष्ठा और समर्पण भाव के साथ काम करते रहें। साथ ही, हमें भी चाहिए कि हम शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना बनाए रखें। शिक्षक समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि वे ऐसे भावी नागरिक तैयार करने में सफल हों जो मन, वचन और कर्म से राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने वाले हों। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शिक्षकों के सद्प्रयासों से भारत शिक्षा के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

............0............